**दिनांक 18.06.2026 को सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना (फेज–1 एवं फेज–2) अंतर्गत कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण :–**

1. श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री अनिल कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा।
3. श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना।
4. श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, पटना।
5. श्रीमती बिंदिया गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, समग्र योजना एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन अंचल, अनिसाबाद, पटना।
6. श्री प्रदीप कुमार, अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, पटना।
7. श्री अफजल आलम, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा।
8. श्री नवीन कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–05, पटना।
9. श्री अभय कुमार चौधरी, कार्यपालक अभियंता, समग्र योजना एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन प्रमंडल–02, अनिसाबाद, पटना।
10. श्री राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर।

**बैठक में उपस्थित संवेदक (M/s Rithwik Project Pvt. Ltd) के प्रतिनिधिः–**

1. Mr. V Ramanna, Project Manager

**समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत् है :**

1. IIT, Patna से Third Party Quality Assurance हेतु दर वार्ता करने संबंधित बैठक निमित अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

   **(कार्रवाईः–अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, जल संसाधन विभाग, पटना)**

2. कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में अनुमानित व्यय किये जाने वाले राशि रू0 950.0 करोड़ में से केन्द्रांश की राशि रू0 570.0 करोड़ (60%) को SNA-SPARSH के माध्यम से व्यय करने की संभावना पर विचार करने का निदेश दिया गया।

   **(कार्रवाईः–अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, जल संसाधन विभाग, पटना)**

3. कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना हेतु गठित Project Monitoring Unit (PMU) में बाढ़ प्रक्षेत्र, NWDA एवं अन्य विभागों से सदस्य के रूप में शामिल करने हेतु निदेश दिया गया।

   **(कार्रवाईः– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, जल संसाधन विभाग, पटना)**

4. NWDA को फेज–02 के तहत कार्यो हेतु संबंधित सभी गाँवों का Revenue Map प्राप्त करने निमित्त बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना से संपर्क स्थापित करने का निदेश दिया गया।

उक्त कार्य हेतु बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना से Revenue Map शीघ्र प्राप्त करने हेतु मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना को अपने यहाँ से अभियंता को नामित करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना/अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, पटना)**

5. कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना अन्तर्गत फेज–02 के तहत कार्य हेतु NWDA द्वारा समर्पित Contour Map & Topographical Map को 1:15000 Scale पर तैयार किया गया है। MOU के आलोक में Contour Map & Topographical Map को 1:10000 Scale में तैयार करने तथा मुख्य नहर/शाखा नहर/उपशाखा नहर/वितरणी/उपवितरणी/लघु नहर/उपलघु नहर का क्रॉस सेक्शन 30-30 मी0 पर तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, अनिसाबाद, पटना/अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, पटना)**

6. संवेदक प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 30.06.2026 तक शेष बचे हैया धार, सुरसर धार एवं कजरा धार स्केप चैनल में गाद सफाई कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

**(कार्रवाई:–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/ Rithwik Project Pvt. Ltd.)**

7. कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना अन्तर्गत फेज–01 के तहत कार्य (एकरारनामा सं0– 01SBD/2025-26) में बाधा बन रहें विद्युत पोल को तय समय के अंदर हटाने संबंधित Mile Stone तैयार कर विभाग को उब्लब्ध करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/ Rithwik Project Pvt. Ltd.)**

8. क्षेत्रिय अभियंताओं द्वारा बतलाया गया कि 15.06.2026 तक पूर्वी कोशी मुख्य नहर से 58.00 लाख घनमीटर लक्ष्य के विरूद्ध 50.00 लाख घनमीटर एवं सेटलिंग बेसिन से 22.00 लाख घनमीटर लक्ष्य के विरूद्ध 08.00 लाख घनमीटर सिल्ट निकासी कार्य किया गया है।

क्षेत्रिय अभियंताओं एवं संवेदक प्रतिनिधि को कार्य के प्रगति में तेजी लाते हुए शीघ्र सिल्ट निकासी कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाई:– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/ Rithwik Project Pvt. Ltd.)**

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–152/2025– 1371 / पटना, दिनांक– 07-07-202

प्रतिलिपिः– सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–152/2025– 1371 / पटना, दिनांक– 07-07-202

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–152/2025– 1371 / पटना, दिनांक– 07-07-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों/संवेदक को कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुए दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–152/2025– 1371 / पटना, दिनांक– 07-07-2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं योजना आयोजन, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद, पटना/अधीक्षण अभियंता, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों को कार्यवाही की प्रति उपलब्ध कराते हुए दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो02 सहरसा–152/2025– 1371 / पटना, दिनांक– 07-07-2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन